
# उत्तर प्रदेश बना शूटिंग हब : संजय मिश्रा

## विचार



**अभिनेता बोले, यूपी में फिल्म शूटिंग की अपार संभावनाएं**

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। फिल्म अभिनेता संजय मिश्रा इन दिनों लखनऊ में हैं। शनिवार को गोमतीनगर में एक स्टूडियो के उद्घाटन के बाद उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही शूटिंग पर खुशी जाहिर करते हुए अपनी आने वाली फिल्म और वेब सीरीज के बारे में उन्होंने जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यूपी में फिल्म शूटिंग की बहुत संभावनाएं हैं। तमाम फिल्मों, वेब सीरीज की शूटिंग यूपी के अलग-अलग शहरों में हो रही है।

बॉलीवुड के प्रसिद्ध लेखक व निर्देशक अरविंद पांडेय ने फिल्म उद्योग की अपार संभावनाओं पर अपनी राय रखी। स्टूडियो के प्रमुख संगीतकार शाश्वत प्रखर भारद्वाज, सलिल मिश्रा और तरुण ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ रिकॉर्डिंग करना ही नहीं है, बल्कि बॉलीवुड में अपनी और अपने प्रदेश की एक अलग पहचान बनाना भी है। इस अवसर पर बीएनए के पूर्व डायरेक्टर रमेश कुमार गुप्ता, प्रशिक्षक विजय कुमार बाजपेई, गोविंद सिंह यादव, अभिनेता यश चौरसिया, गायक एसपी साहू आदि उपस्थित थे।